सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर-272202 उ०प्र०(भारत)

Website : www.suksn.edu.in, Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक–1758/कु0स0का0/सि0वि0वि0/2024, दिनांक– 12–11–2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
   सिद्धार्थनगर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या–राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
   संबद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
   सिद्धार्थनगर।

विषयः "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ, उ०प्र० के पत्र सं० 8516/32–जी०एस०/2024, दिनांक 11.11.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके माध्यम से संविधान दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालय स्तर पर संलग्न पत्र के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किये जाने की अपेक्षा की गयी हैं।

तदक्रम में मा० कुलपति जी के निर्देशानुसार "संविधान दिवस" दिनांक 26.11.2024 के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संलग्न पत्र के अनुसार गतिविधियाँ अनिवार्य रूप से संचालित की जायेगी। कार्यक्रम आयोजन के उपरान्त कार्यक्रम की आख्या विश्वविद्यालय के ई–मेल आई.डी. registrar@suksn.edu.in पर 02 कार्य दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि तदनुसार राजभवन को अवगत कराया जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

12.11.24

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक–1758/तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सि०वि०वि०, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. उप कुलसचिव, सि०वि०वि०, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ० अरविन्द कुमार रावत, कार्यक्रम प्रभारी–संविधान दिवस, सि०वि०वि०, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति, मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं संबन्धित महाविद्यालय के लॉगिन आई.डी. पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
6. संबंधित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर।

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
लखनऊ–226027

संख्याःई– 8516 / 32–जी0एस0 / 2024-
दिनांकः 11 नवम्बर, 2024

प्रेषकः

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान
उत्तर प्रदेश।

विषयः **''संविधान दिवस''** दिनांक 26.11.2024 को विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया दिनांक 26.11.2024 को **''संविधान दिवस''** के अवसर पर विश्वविद्यालय / संस्थान स्तर पर निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के निदेश सक्षम स्तर से प्राप्त हुए हैंः–

(क). संविधान से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थलों का चयन कर विश्वविद्यालय / संस्थान व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाय।

(ख). विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अपने स्तर पर संविधान से सम्बन्धित विषयों को निर्धारित करके विश्वविद्यालय / संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र / छात्राओं में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता दिनांक 26.11.2024 को आयोजित की जाय।

(ग). प्रत्येक विश्वविद्यालय / संस्थान के स्तर पर विश्वविद्यालय / संस्थान के छात्रगणों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं के मध्य उपर्युक्त प्रस्तर (ख) में अंकित प्रतियोगितायें आयोजित कराई जायें। इन अलग–अलग प्रतियोगिताओं में संस्था / विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं के मध्य प्रतियोगितायें, राजभवन में आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय / संस्थान से राजभवन को उपर्युक्त सूचनायें प्राप्त होने के पश्चात्, राजभवन स्तर पर आयोजन की तिथि निर्धारित करते हुए, पृथक से सूचित की जायेगी।

2. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि ''संविधान दिवस'' के अवसर पर उपर्युक्तानुसार अपने–अपने विश्वविद्यालय / संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में तदनुसार गतिविधियाँ संचालित कर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी